>

Title: Need to provide funds for Jigaon Dam Project -laid.

श्री प्रतापराव जाधव (बुलढाणा): मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र बुलढाणा की तालुका नांदुरा में स्थित जिगांव बांध परियोजना की ओर दिलाना चाहूंगा, जो पिछले 22 वर्षों से पूरी होने की प्रतीक्षा कर रही है । बलिराजा जलसैनिवणी योजना से सम्बद्ध इस परियोजना की मूल लागत 394.83 करोड़ रूपये थी, जो अब 13 हजार 744 करोड़ रूपये हो गई है । अब तक इस परियोजना पर 3,600 करोड़ रूपये खर्च किए जा चुके हैं ।

इस परियोजना में 75 प्रतिशत राशि राज्य सरकार और 25 प्रतिशत राशि केन्द्र सरकार द्वारा दी जानी थी । इस प्रोजेक्ट के लिए 7764.39 करोड़ रूपये की राशि की मान्यता मिली थी । इसमें 1205.48 करोड़ रूपये प्रतिवर्ष केन्द्र सरकार द्वारा दिए जाने थे । लेकिन अब तक केवल 318.56 करोड़ रूपये ही मिल पाए हैं तथा 2021-21 और वर्ष 2021-22 में केन्द्रीय आवंटन के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है ।

केन्द्रीय आवंटन के अभाव में इस योजना का काम पूरा नहीं हो पा रहा है । यदि यह परियोजना पूरी हो जाती है, तो खारपैन बेल्ट में बुलढाणा जिले की छह तालुका और अकोला जिले की दो तालुकों में कुल 287 गाँवों की एक लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की जा सकेगी ।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि केन्द्र सरकार उपरोक्त परियोजना के लिए अपने हिस्से की केन्द्रीय राशि का अविलम्ब आवंटन करने का कष्ट करें ।